# कार्यालय, प्राचार्य महात्मा गाँधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)

Email.mggovtcollegekhs@gmail.com Website: www.mgcollegekharsia.in

क्रमांक / 356 / क्रीड़ा / 2019 खरसिया, दिनांक 14.10.2019

प्रति,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, खरसिया
जिला रायगढ़ छ.ग.।

विषयः— सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स (महिला / पुरूष) प्रतियोगिता हेतु पेयजल व्यवस्था व्यवस्था बावत्।

———00———

विषयान्तर्गत लेख है कि महाविद्यालय में सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स (महिला / पुरूष) प्रतियोगिता दिनांक 16.10.2019 से 17.10.2019 तक निर्धारित है जिसके लिए पेयजल हेतु टेंकर भेजने का कष्ट करें।

क्रीड़ाधिकारी
SPORTS OFFICER
M.G. Govt. College, Kharsia
Dist.- Raigarh (C.G.)

प्राचार्य
Principal
M. G. Govt. Arts & Science College
KHARSIA Dist. Raigarh C.G.
एम.जी. शास. कला एवं विज्ञान
महाविद्यालय खरसिया जिला रायगढ़ छ.ग.

नगर पालिका परिषद खरसिया, जिला–रायगढ़ (छ.ग.)
क्र. 2941
दि. 14.10.19

O/C


Medical Staff from
Civil Hospital
Kharsia
Sector Level Kho-Kho (Women) on 08/10/2017

किरण दूत

रायगढ़

# लगातार 15 वीं बार खरसिया विजेता रहा, खो-खो महिला में; गर्व की बात है- डॉ रमेश

रायगढ़ @ किरणदूत



छत्तीसगढ़ उच्च शिक्षा विभाग, विभिन्न खेलों में महाविद्यालयीन छात्र- छात्राओं को जिला, राज्य, विश्वविद्यालय या ऑल इण्डिया स्तर पर अपनी पहचान बनाने के लिए प्रति वर्ष खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन करता है। इसी क्रम में, युवा प्रोफेसर, कर्मठ, खेल के प्रति बेहद लगनशील, सक्रिय, प्रभारी क्रीड़ाधिकारी डॉ0 रमेश टण्डन ने दिनांक 08 अक्टूबर को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में जिला स्तरीय खो-खो (महिला) प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता में के जी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय रायगढ़, पी डी कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय रायगढ़, शहीद बीर नारायण सिंह महाविद्यालय जोबी-बर्रा व मेजबान कालेज एम जी कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया ने हिस्सा लिया। अंतिम मैच को बेहद ही रोमांचक ढ़ंग से खेलते हुए एम जी खरसिया ने पी डी रायगढ़ को 9-2 (कुल सात अंक) से हराते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया। उपविजेता के रूप में पी डी रायगढ़ रहा। विजेता दल की खिलाड़ियों - कमलेश्वरी राठिया (कप्तान), तारावती राठिया, अनिता राठिया, मालामती राठिया, रूख्मणी राठिया, हेमलता पाण्डेय, शकुन्तला सतनामी, प्रेमा राठिया, कुसुम राठिया, सीता राठिया, डिलेश्वरी राठिया व आराधना राठिया में खेल के दौरान अपार उत्साह देखने को मिला। इनके मुख्य कोच तीजराम पटेल, डमरूधर राठिया, दीपक राठिया सहित छात्रावासी समस्त छात्रों ने छात्रा खिलाड़ियों को खेल की बारीकियों से प्रशिक्षित किया था। क्रीड़ाधिकारी तापस चटर्जी, सेवा निवृश्र क्रीड़ाधिकारी एम डी वैष्णव के मुख्य आतिथ्य व प्रो0 एम एल धीरही की अध्यक्षता में सम्पन्न इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय से प्रो0 जयराम कुर्रे, प्रो0 संजय मधुकर, प्रो0 तुलसी पटेल, प्रो0 प्रमोद राठौर व अन्य महाविद्यालयों से डॉ0 सोफिया अम्ब्रेला, प्रो0 डी सी पटेल, प्रो0 एस पी दर्शन, सिविल अस्पताल से रामेश्वर यादव, चैकी से पुलिस जवानों की सक्रिय गरिमामयी उपस्थिति रही। पूरे मैच के निर्णायक- तीजराम पटेल, वशिष्ठ यादव, चिंतामणी चक्रधारी सहित खेल विशेषज्ञों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए एम जी खरसिया से कमलेश्वरी राठिया, तारावती राठिया, अनिता राठिया, मालामती राठिया, पी डी रायगढ़ से अंजू सिदार, अल्पना बर्वा, बसंती चैहान, अनिता यादव, जोबी से रेवन्ती राठिया, यशोदा राठिया व के जी रायगढ़ से डुलेश्वरी व रीमा का चयन किया। ये छात्राएँ दिनांक 16 अक्टूबर को शासकीय मिनीमाता कन्या महाविद्यालय कोरबा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में रायगढ़ सेक्टर से सम्मिलित होंगी। चयनित खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ0 पी सी घृतलहरे सहित सम्पूर्ण महाविद्यालय परिवार, छात्र संघ, आर बी बर्मन व उनके सभी छात्र, सपना पाटले व उनकी सभी छात्राओं ने बधाई दी। एन सी सी अधिकारी ले0 सरला जोगी व कैडेट्स- रितेश राठौर, रमेश बंजारे, महेश्वर, हीरालाल, सिद्धेश्वर आदि तथा कार्यक्रम अधिकारी प्रो0 ए के पटेल व उनके एनएसएस स्वयंसेवकों का इस खेल प्रतियोगिता में अतुलनीय योगदान रहा।

# एमजी महाविद्यालय में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

संवाददाता . खरसिया

खरसिया में जिला स्तरीय कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता सम्पन्न हुई, जिसमें आठ महाविद्यालय शामिल हुए। प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. रमेश टण्डन क्रीड़ाधिकारी एम जी शासकीय महाविद्यालय खरसिया ने किया। विजेता के जी कॉलेज रायगढ़ व उपविजेता ओम माया सुन्दरम् अशासकीय महाविद्यालय छाल रहा।



पूरे छत्तीसगढ़ को नौ सेक्टर में विभक्त किया गया है, जिसमें से एक सेक्टर रायगढ़ आता है। रायगढ़ जिले की टीम के गठन के लिए दिनांक 18 अक्टूबर को महात्मा गांधी शासकीय कला एवं विज्ञान महाविद्यालय खरसिया में डॉ. रमेश टण्डन आयोजन सचिव की मेजबानी में सेक्टर स्तरीय कबड्डी (पुरूष) प्रतियोगिता सम्पन्न हुई। इसमें जिले से आठ महाविद्यालय- के जी रायगढ़, पी डी रायगढ़, पुसौर, एल पी पी सारंगढ़, जौबी-बर्रा, ओ एम एस छाल, धरमजयगढ़ और एम जी कॉलेज खरसिया सम्मिलित हुआ। खरसिया से डमरूधर राठिया, उश्रम गबेल, सुभाष, अजय, रविशंकर आदि के प्रशिक्षण में सुकलाल निषाद (कप्तान), नवरतन, हीरालाल, डिलेश, धनेश्वर, सिद्धेश्वर, आजाद, पवन, जलिन्धर, धनंजय, पुनेश्वर, राजेश ने मैच खेला। प्रथम चरण और प्रथम मैच में ही खरसिया ने जोबी को 67-9 का अंतर रखते हुए 58 अंकों से पराजित किया। छाल ने सारंगढ़ को 33-21 के अंतर के साथ 12 अंकों से हराया। पुसौर ने पी डी रायगढ़ को 22-17 के साथ 5 अंको से पराजित किया। के जी रायगढ़ ने धरमजयगढ़ को 53-19 का अंतर रखते हुए 34 अंको से जीत हासिल की। सेमी फायनल में के जी रायगढ़ ने खरसिया को 42-23 से और छाल ने पुसौर को 41-2. से पराजित करते हुए फायनल मैच में अपनी जगह बनायी। अंततः के जी रायगढ़ ने छाल को 43-24 के साथ 19 अंको से जीत दर्ज करते हुए विजेता का खिताब अपने नाम किया।

पूरे मैच के निर्णायक तीजराम पटेल, चिंतामणी चक्रधारी, वशिष्ठ यादव, आनंद, लेखराम थे। सेवानिवृत्र क्रीड़ाधिकारी एम डी वैष्णव व महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक एम एल धीरही के मुख्य आतिथ्य एवं अन्य महाविद्यालय से आए हुए अधिकारी- एन कुजूर, श्रीमती एम कुजूर, श्रीवच्छ भोय, हरिहर प्रसाद चौहान, आर के राठिया, एस पी दर्शन, मोहन सारथी, उमाशंकर यादव, छात्रावास अधीक्षक आर बी बर्मन के विशिष्ट आतिथ्य में सम्पन्न इस प्रतियोगिता में खेल विशेषज्ञों ने राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए के जी रायगढ़ से हेमचरण चौधरी, चुलेश्वर बैरागी, अजय चौधरी, सूरज सिदार; पुसौर से बिरजू यादव; छाल से रविन्द्र कुमार राठिया, युवनंदन राठिया, तेजबहादुर राठिया; खरसिया से सुकलाल निषाद, हीरालाल राठिया; धरमजयगढ़ से नंदकुमार राठिया; पी डी रायगढ़ से सिकंदर सिदार का तथा आपाती में पी डी रायगढ़ से भीखम साहू, खरसिया से नवरतन सिदार, के जी रायगढ़ से भूपेन्द्र निषाद, छाल से भूपाल सिंह का चयन किया। इन चयनित खिलाड़ियों को प्राचार्य डॉ पी सी घृतलहरे, क्रीड़ाधिकारी डॉ आर के टण्डन व प्रो. एम एल धीरही ने बधाई दी। अनुसूचित जन जाति पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास खरसिया के समस्त छात्र, एनसीसी इकाई, चिकित्सीय स्टॉफ रामेश्वर सारथी, तीजराम पटेल, डमरू, उश्रम, सुभाष, रवि, दीपक राठिया, केश्वर, राजकुमार, गायत्री राठिया, तारावती राठिया, दिनेश राठिया आदि का विशेष सहयोग रहा। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता आरंग (रायपुर) के लिए चयनित खिलाड़ी, डॉ. आर के टण्डन के साथ दिनांक 25 अक्टूबर को प्रस्थान करेंगे।



# कार्यालय, प्राचार्य महात्मा गाँधी शासकीय कला एवं विज्ञान स्नातकोत्तर महाविद्यालय खरसिया जिला रायगढ़ (छ.ग.)

Email.mggovtcollegekhs@gmail.com Website: www.mgcollegekharsia.in

क्रमांक / 356 / क्रीड़ा / 2019 खरसिया, दिनांक 14.10.2019

प्रति,

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद, खरसिया
जिला रायगढ़ छ.ग.।

विषयः– सेक्टर स्तरीय एथलेटिक्स (महिला / पुरूष) प्रतियोगिता हेतु पेयजल व्यवस्था व्यवस्था बावत्।

----00----

**विषयान्तर्गत लेख है कि** महाविद्यालय में सेक्टर स्तरीय **एथलेटिक्स (महिला / पुरूष)** प्रतियोगिता दिनांक 16.10.2019 से 17.10.2019 तक निर्धारित है जिसके लिए पेयजल हेतु टेंकर भेजने का कष्ट करें।


क्रीड़ाधिकारी
SPORTS OFFICER
M.G. Govt. College, Kharsia
Dist.- Raigarh (C.G.)

प्राचार्य
Principal
M. G. Govt. Arts & Science College
KHARSIA Dist. Raigarh C.G.
एम.जी. शास. कला एवं विज्ञान
महाविद्यालय खरसिया जिला रायगढ़ छ.ग.

नगर पालिका परिषद
क्र. 2241
दि. 14.10.19
खरसिया, जिला-रायगढ़ (छ.ग.)

O/C


Workshop on Mahatma Gandhi's Humanity, social contribution on 22/10/2019 at Municipality Kharsia's Auditorium








LAW STUDENT
MOHAN AT SEVEN
MOTHER
FATHER




Cleanliness Survey by Municipality Kharsia at College on 14/12/2018


MISSION CLEAN CITY
स्वच्छ
सर्वेक्षण
2019


At Municipality Kharsia's
Auditorium on 11/02/2020

## पुलिस अधीक्षक द्वारा प्रमाण–पत्र वितरण, दिनांक : ११ फरवरी २०२०



